भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 1739
गुरूवार, 3 अगस्त, 2023/12 श्रावण, 1945 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

विदेशों में पर्यटन का विपणन

1739 श्रीमती जेबी माथेर हीशम:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विदेशों में देश के पर्यटन के समुचित विपणन के लिए कितनी धनराशि खर्च की गई है और विगत तीन वर्षों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के ध्यान में यह बात आई है कि स्थानीय संस्कृति के साथ-साथ परम्परागत पर्यावरणीय जागरूकता के विलुप्त होने से पर्यटन क्षेत्र नकारात्मक रूप से प्रभावित हुआ है, यदि हां, तो इस परिदृश्य में सुधार लाने के लिए क्या उपाय किए गए हैं; और

(ग) क्या सरकार विगत तीन वर्षों के दौरान भारतीय पर्यटन के अभिन्न अंग के रूप में विरासत स्थलों और स्मारकों के रख-रखाव और पुनरुद्धार पर किए गए व्यय के आंकड़ों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा उपलब्ध कराएगी?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार वैश्विक पर्यटन बाजार में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए विभिन्न भारतीय पर्यटन उत्पादों और देश के पर्यटन गंतव्यों के प्रदर्शन हेतु पर्यटन सृजनकारी बाजारों में एक संपूर्ण गंतव्य के रूप में भारत का संवर्धन करता है ।

पर्यटन मंत्रालय स्थायी एवं जिम्मेदार पर्यटन हेतु एक पसंदीदा वैश्विक गंतव्य के रूप में भारत को स्थापित करने के लिए भी प्रयासरत है और पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी पर्यटन हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार की है ।

मंत्रालय ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर दिनांक 27 सितम्बर 2021 को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म सोसायटी ऑफ इंडिया (आरटीएसओआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं ।

व्यापक रूप से जागरूकता पैदा करने के लिए मंत्रालय ने आईआईटीटीएम (केंद्रीय नोडल एजेंसी-स्थायी पर्यटन) के सहयोग से MyGov.in पर ट्रेवल फॉर लाइफ प्लेज़ की शुरूआत की है और राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और औद्योगिक हितधारकों को मासिक ई-न्यूज़लैटर्स भी भेजे जा रहे हैं ।

पर्यटन अभिरूचि के स्थलों के विकास, स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था और उनके संरक्षण तथा पर्यटकों द्वारा अपेक्षित सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण सहित विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों को दी गई वित्तीय सहायता का विवरण अनुबंध में दिया गया है ।

*****

अनुबंध

विदेशों में पर्यटन का विपणन के संबंध में दिनांक 03.08.2023 के राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 1739 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में विवरण

पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(लाख रु. में)

| क्र. सं. | वर्ष | राज्य का नाम | परियोजना का नाम | एजेंसी | स्वीकृत राशि | निर्मुक्त राशि | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2012-13 | तमिलनाडु | चेन्नई बंदरगाह पर मौजूदा यात्री टर्मिनल में क्रूज यात्री सुविधा केंद्र। | चेन्नई पोर्ट ट्रस्ट | 1724.66 | 1724.66 | पूर्ण |
| 2 | | जम्मू एवं कश्मीर | डल झील (निगीन झील) में ध्वनि और प्रकाश शो | आईटीडीसी | 500.00 | 400.00 | परियोजना बंद |
| 3 | | हरियाणा | तिलयार झील में मल्टी मीडिया/ लेजर शो का कार्यान्वयन | आईटीडीसी | 500.00 | 224.05 | पूर्ण |
| | | | कुल | | 2724.66 | 2348.71 | |
| 4 | 2013-14 | दिल्ली | हुमायूँ के मकबरे, नई दिल्ली के विश्व विरासत स्थल पर व्याख्या केंद्र का निर्माण। | आगा खान फाउंडेशन, नई दिल्ली | 4944.84 | 4944.84 | पूर्ण |
| | | | कुल | | 4944.84 | 4944.84 | |
| 5 | 2014-15 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों का प्रदीप्तीकरण (सारनाथ में धमेख स्तूप सारनाथ में चौखंडी स्तूप, सारनाथ में लालकान का मकबरा और बनारस में मान महल) | आईटीडीसी | 512.43 | 381.47 | पूर्ण |
| 6 | | दमन एवं दीव | दीव किला,दीव में ध्वनि और प्रकाश शो | आईटीडीसी | 775.54 | 620.43 | पूर्ण |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | गोवा | मार्मुगांव पोर्ट ट्रस्ट में क्रूज टर्मिनल बिल्डिंग | मार्मुगांव पोर्ट ट्रस्ट | 879.04 | 767.187 | पूर्ण |
| | | | कुल | | 2167.01 | 1769.087 | |
| 8 | 2016-17 | केरल | विलिंगडन द्वीप, कोचीन, केरल में वॉकवे/प्रोमेनेड का विकास | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 901.00 | 826.59 | पूर्ण |
| 9 | | केरल | एर्नाकुलम घाट के बर्थ और बैकअप क्षेत्र के उन्नयन के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 2141.00 | 1912.80 | पूर्ण |
| 10 | | महाराष्ट्र | पर्यटन स्थल के रूप में कनोजी आंग्रे लाइटहाउस को विकसित करने के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1500.00 | 1500.00 | पूर्ण |
| 11 | | केरल | भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा एसएआई तिरुवनंतपुरम गोल्फ क्लब में गोल्फ कोर्स के उन्नयन के लिए परियोजना | भारतीय खेल प्राधिकरण | 2464.99 | 1232.49 | परियोजना बंद |
| | | | | कुल | 7006.99 | 5471.88 | |
| 12 | 2017-18 | उत्तर प्रदेश | वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों पर प्रदीप्तीकरण<br>1. दशाश्वमेध घाट से दरबंगा घाट (300 मीटर का फैलाव)<br>2. तुलसी मानस मंदिर<br>3. सारनाथ संग्रहालय | सीपीडब्ल्यूडी | 293.55 | 293.54 | पूर्ण |
| 13 | | पंजाब | जेसीपी अटारी में अवसंरचना विकास के लिए परियोजना | बीएसएफ | 1312.00 | 1029.59 | पूर्ण |
| 14 | | हरियाणा | यादवेंद्र गार्डन, पिंजौर | आईटीडीसी | 600.00 | 300.00 | परियोजना |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | हरियाणा में ध्वनि और प्रकाश शो | | | | बंद |
| 15 | | आंध्र प्रदेश | पुट्टपर्थी, आंध्र प्रदेश में ध्वनि और प्रकाश शो | आईटीडीसी | 708.67 | 354.33 | पूर्ण |
| 16 | | दिल्ली | पुराना किला, दिल्ली में ध्वनि और प्रकाश शो | आईटीडीसी | 1404.00 | 685.00 | जारी |
| 17 | 2017-18 | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण। | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1250.00 | 1250.00 | पूर्ण |
| | | | | कुल | 5568.22 | 3912.46 | |
| 18 | 2018-19 | गोवा | मार्मुगांव में आव्रजन सुविधा में सुधार और मौजूदा क्रूज बर्थ को गहरा करना | मार्मुगांव पोर्ट ट्रस्ट | 1316.40 | 658.20 | परियोजना बंद |
| 19 | | केरल | कोचीन पोर्ट क्रूज टर्मिनल में अवसंरचना का विकास करना। | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 120. 79 | 114.17 | पूर्ण |
| 20 | | केरल | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट वॉकवे पर अतिरिक्त पर्यटन सुविधाओं का निर्माण | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 466.47 | 466.47 | पूर्ण |
| 21 | | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम पोर्ट के बाहरी बंदरगाह में चैनल बर्थ में क्रूज बर्थ निर्माण | विशाखापत्तनम पोर्ट ट्रस्ट | 3850.00 | 2991.00 | जारी |
| 22 | | पंजाब | अमृतसर, पंजाब में जलियांवाला बाग स्मारक का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण और अतिरिक्त कार्य किए जाने के लिए सीएफए | एएसआई | 2302.00 | 2197.00 | पूर्ण |
| | | | | कुल | 8055.66 | 6426.84 | |
| 23 | 2019-20 | दिल्ली | राष्ट्रीय संग्रहालय की चयनित सुविधाओं के विकास और नवीनीकरण | राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद | 4373.00 | 2186.00 | परियोजना बंद |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | (एनसीएसएम) | | | |
| 24 | | दिल्ली | राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय भवन के प्रदीप्तीकरण के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम) | 380.00 | 304.00 | पूर्ण |
| 25 | | केरल | नए कोचीन पोर्ट ट्रस्ट टर्मिनल में अतिरिक्त अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता | कोचीन पोर्ट ट्रस्ट | 1029.70 | 888.62 | पूर्ण |
| 26 | | उत्तर प्रदेश (वाराणसी एवं इलाहाबाद-I, इलाहाबाद-II), बिहार (भागलपुर), पश्चिम बंगाल (कोलकाता) और असम (नेमाती, पांडु, जोगी घोपा और विश्वनाथ घाट) | राष्ट्रीय जल मार्ग संख्या 1 और 2 पर नदी क्रूज के तटबंध के नौ मुख्य स्थलों पर आरोहण/अवरोहण के विकास के लिए केंद्रीय वित्तीय सहायता<br><br>राष्ट्रीय जलमार्ग 2 में 4 घाटों के विकास के लिए संशोधित अनुमोदन | आईडब्ल्यूएआई | 2803.05 | 700.76 | जारी |
| | | | | कुल | 8585.75 | 4013.61 | |
| 27. | 2020-21 | मध्य प्रदेश | आईटीडीसी द्वारा बेलताल झील, दमोह, मध्य प्रदेश में पर्यटन अवसंरचना विकास। | आईटीडीसी | 2316.30 | 1008.27 | जारी |
| 28. | | लेह और लद्दाख | लेह, लद्दाख में साउंड एंड लाइट शो और पर्यटक | आईटीडीसी | 2321.99 | 515.99 | जारी |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सुविधा केंद्र, कारगिल, लद्दाख में वाटर स्क्रीन प्रोजेक्शन मल्टीमीडिया शो | | | | |
| 29. | | दिल्ली | राष्ट्रीय आधुनिक कला गेलरी की 3डी विजुवल प्रोजेक्शन मैपिंग | एनजीएमए | 616.72 | 425.63 | पूर्ण |
| 30. | | मिजोरम | आइजोल, मिजोरम में कन्वेंशन सेंटर और संबद्ध अवसंरचना विकास | वैपकोस | 3994.75 | 1570.71 | जारी |
| | | | | कुल | 9249.76 | 3520.60 | |
| 31. | 2021-22 | गोवा | मार्मुगांव पोर्ट (एमपीटी) द्वारा मार्मुगांव पोर्ट ट्रस्ट (गोवा) में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रूज वैसल्स के लिए सुविधाओं का सजृन | मार्मुगांव पोर्ट ट्रस्ट | 5000.00 | 4000.00 | जारी |
| 32. | 2021-22 | महाराष्ट्र | इंदिरा डॉक, मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट में अंतर्राष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 3750.00 | 3000.00 | जारी |
| | | | | कुल | 8750.00 | 7000.00 | |
| 33 | 2022-23 | राजस्थान | सीमा सुरक्षा बल चेक पोस्ट तनोट परिसर में सीमावर्ती पर्यटन का विकास | बीएसफ | 1767.66 | 160.70 | जारी |
| 34 | 2022-23 | उत्तर-पूर्वी क्षेत्र | उत्तर-पूर्वी राज्य में 22 व्यू पॉइंट का विकास<br>(i) नागालैंड (2 व्यू पॉइंट) – 5.77 करोड़ रु.<br>(ii) मेघालय (3 व्यू पॉइंट) – 6.26 करोड़ रु.<br>(iii) मिजोरम (9 व्यू पॉइंट) – 12.78 करोड़ रु.<br>(iv) अरुणाचल प्रदेश (4 | एनएचआईडीसीएल | 4444.00 | 444.40 | जारी |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | व्यू पॉइंट) – 6.25 करोड़ रु.<br>(v) मणिपुर (3 व्यू पॉइंट) – 5.93 करोड़ रु.<br>(vi) सिक्किम/पश्चिम बंगाल (1 व्यू पॉइंट) – 3.70 करोड़ रु. | | | | |
| 35 | 2022-23 | तेलंगाना | हैदराबाद, तेलंगाना में संजीवैया पार्क में वॉटर स्क्रीन और संगीतमय फव्वारे सहित मल्टीमीडिया लेजर शो | बीईसीआईएल | 4965.00 | 1990.00 | जारी |
| 36 | | तेलंगाना | उस्मानिया कला विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना में डिजिटल मल्टीमीडिया प्रौद्योगिकी और प्रकाश व्यवस्था का डिजाइन, आपूर्ति, संस्थापना, परीक्षण और शुरूआत | बीईसीआइएल | 1179.00 | 943.47 | जारी |
| 37 | 2022-23 | दिल्ली | 'राष्ट्रीय विज्ञान केंद्र का प्रमुख उन्नयन' परियोजना | एनसीएसएम | 3180.00 | 318.00 | जारी |
| | | | कुल | | 15535.66 | 3502.60 | |

*****